Roll No. ....

D–3243

B. A. (Part III) EXAMINATION, 2020

HINDI LITERATURE

Paper First

[जनपदीय भाषा—साहित्य (छत्तीसगढ़ी)]

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 75*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 21

(i) भजन करौ भाई रे, अइसन तन पायके।
नहिं रहे लंकापति रावन, नहिं रहे दुर्योधन राई रे।
मात-पिता सुत ठाढ़े भाई बंद, आयो जमराज पकर लै जाही रे।
लाल खंभ पर देत ताड़ना, बिन सतगुरु को होत सहाई रे।
धरमदास के अरज गोसांई, नाम कबीर कहौ गोहराई रे।

अथवा

नवरात मनइया मन नव दिन ले उपास रहिंथय। उंखर विश्वास है के ये समै मं जउन अनुष्ठान होथय तेखर बहु फायदा होथय। काहे के, संयम मं रहे के कारन, रितु परिवर्तन होये के कारन, आने वाला कष्ट व्याधि से अनुष्ठान करइया बचे रहिंथय, दूसर हवन अउ यज्ञ के धुंवा ले हवा सुद्द हो जाथय, जेखर कारन किसम-किसम के रोग राई के समाप्ति हो जाथय।

(ii) दू हाथ बढ़ाये आधू, हो जाथे जम्मो काज रे।
बूता सुरु हो जाथे, जब ले लेथस अनताज रे॥
जांगर पेरे तौ भुइयाँ मं अनपूरना के राज रे।
माटी सोन्ना होही, पछीना चुचवाही आज रे॥
देंह जुड़ाही झटकुन, परिही जब जोरहा धाम रे॥

अथवा

पुसऊ
गाँव म
बिसनु भगवान के मंदिर
बनाथे
घर भर के सबो
भगवान के दरसन
अउ परसाद बर तरसथें
अउ तो अउ वो हर
मंदिर के डेहरी नइं चघ सकै।

(iii) तेल फूल से लइका बाढ़य पानी से बाढ़य धान।
खान पान में सगा कुटुम्ब करवैया बढ़य किसान॥

अथवा

दिन दुकाल ला हाँस के सहिथे, छत्तीसगढ़ के भुइंया हर।
महतारी मन गरा-धूंका, अंचरा मां गठिया लेथे॥

2. "धर्मदास के पदों पर कबीर-वाणी का प्रभाव है।" इस कथन के प्रकाश में धर्मदास के पदों का मूल्यांकन कीजिए। 12

अथवा

लखनलाल गुप्त रचित निबन्ध 'सोनपान' का केन्द्रीय भाव लिखिए।

3. डॉ. सत्यभामा आडिल का संक्षिप्त परिचय देते हुए 'सीख सीख के गोठ" पाठ का उद्देश्य एवं सामाजिक महत्व बताइए। 12

अथवा

मुकुंद कौशल की छत्तीसगढ़ी गजलों की विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

छत्तीसगढ़ी साहित्य के उद्भव और विकास पर एक सारगर्भित निबन्ध लिखिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पर अति संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 15

(i) पं. सुन्दरलाल शर्मा का व्यक्तित्व एवं कृतित्व।
(ii) रामचन्द्र देशमुख का व्यक्तित्व।
(iii) कपिलनाथ कश्यप के काव्य का भावपक्ष।
(iv) छत्तीसगढ़ी दानलीला का कथानक।
(v) विनय पाठक की कविता का शिल्प।
(vi) सत्यभामा आडिल का कलापक्ष।
(vii) मुकुन्द कौशल का काव्य संसार।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दीजिए (कोई **पन्द्रह**) : 15

(i) लखनलाल गुप्त का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?
(ii) संत धर्मदास के गुरु कौन थे ?
(iii) 'कारी' का स्क्रिप्ट किसने लिखा था ?
(iv) 'चंदैनी गोंदा' के रचनाकार का नाम लिखिए।
(v) 'एक किसिम के नियाव' कविता के कवि कौन हैं ?
(vi) 'कनिहा' शब्द का हिन्दी रूप लिखिए।
(vii) 'मछरी' शब्द का हिन्दी रूप लिखिए।

(viii) 'जुन्ना' शब्द का अर्थ लिखिए।

(ix) 'चार झन' किस प्रकार का विशेषण है ?

(x) छत्तीसगढ़ी के 'परब' शब्द का हिन्दी रूप ज्ञात कीजिए।

(xi) 'भरमय' का शुद्ध हिन्दी रूप लिखिए।

(xii) गजल मूलतः किस भाषा का काव्य प्रकार है ?

(xiii) 'तुतारी-हल' का किस कार्य में प्रयोग करते हैं ?

(xiv) सत्यभामा आडिल का कौन-सा काव्य पुरस्कृत हुआ है ?

(xv) परदेशी राम वर्मा किस विधा के लेखक हैं ?

(xvi) 'चन्दा अमरित बरसाइस' उपन्यास के रचनाकार कौन हैं ?

(xvii) पं सुन्दर लाल शर्मा रचित नाटक का नाम लिखिए।